सत्यमेव जयते
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
MINISTRY OF PORTS, SHIPPING AND WATERWAYS
नौवहन महानिदेशालय, मुंबई
DIRECTORATE GENERAL OF SHIPPING, MUMBAI

फाइल सं.: 19-18011/15/2024-एमटीओ-नौमनि (कम्प्यूटर सं.: 27825) दिनांक: 04.02.2026

**नौमनि परिपत्र सं. 04 / 2026**

**विषय: पंजीकरण प्रमाणपत्र / पंजीकरण के नवीनीकरण तथा नाम / पते में परिवर्तन हेतु जाँच-सूची के पुनरीक्षण के संबंध में।**

एमटीओ शाखा के परिपत्र 2014 तथा परिपत्र सं. 2015 का 01 के संदर्भ में, समस्त हितधारकों, आवेदकों तथा एमटीओ प्रणाली के उपयोगकर्ताओं को यह सूचित किया जाता है कि पंजीकरण प्रमाणपत्र, पंजीकरण के नवीनीकरण तथा नाम / पते में परिवर्तन से संबंधित आवेदनों के प्रस्तुतीकरण हेतु आवश्यक जाँच-सूची का पुनरीक्षण कर उसे अद्यतन किया गया है।

2. संशोधित जाँच-सूची का उद्देश्य जाँच प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, दस्तावेजीकरण की स्पष्टता को बढ़ाना तथा आवेदनों के निपटान के दौरान होने वाली देरी को कम करना है। हितधारकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व अद्यतन जाँच-सूची का भली-भांति अवलोकन कर लें, क्योंकि संशोधित आवश्यकताओं का अनुपालन समयबद्ध निपटान एवं अनुमोदन के लिए अनिवार्य है। अद्यतन जाँच-सूची, संदर्भ हेतु, इस परिपत्र के साथ संलग्न है।

3. पंजीकरण प्रमाणपत्र / पंजीकरण के नवीनीकरण तथा नाम / पते में परिवर्तन से संबंधित सभी आवेदन केवल निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध ऑनलाइन एमटीओ आवेदन पोर्टल के माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाएँगे: https://esamudra.dgshipping.gov.in

4. हितधारकों को सलाह दी जाती है कि पंजीकरण तथा पोर्टल में लॉग-इन के दौरान ओटीपी प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए संगठन के भीतर अधिकृत व्यक्ति का मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी ही उपयोग करें।

9वीं मंज़िल, बीटा बिल्डिंग, आई थिंक टेक्नो कैम्पस, कांजुर गाँव रोड, कांजुरमार्ग (पूर्व) मुंबई- 400042
9th Floor, BETA Building, I-Think Techno Campus, Kanjur Village Road, Kanjurmarg (E), Mumbai-400042
फ़ोन/Tel No.: +91-22-2575 2040/1/2/3 फ़ैक्स/Fax.: +91-22-2575 2029/35 ई-मेल/Email: dgship-dgs@nic.in वेबसाइट/Website: www.dgshipping.gov.in

5. हितधारकों को यह भी सूचित किया जाता है कि लॉग-इन, आवेदन प्रस्तुतीकरण, दस्तावेज अपलोड तथा ट्रैकिंग से संबंधित चरण-दर-चरण निदेशों सहित अद्यतन उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका इस परिपत्र के साथ संलग्न है। यह उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका आवेदकों को पोर्टल का कुशलतापूर्वक उपयोग करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है कि सभी आवश्यक प्रविष्टियाँ एवं दस्तावेज सही रूप से पूर्ण कर अपलोड किए जाएँ। आपकी सहायता हेतु उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका संलग्न है।

6. लॉग-इन से संबंधित किसी भी समस्या, पोर्टल तक पहुँच में कठिनाई अथवा आवेदन प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी तकनीकी चुनौती की स्थिति में, उपयोगकर्ता तकनीकी सहायता दल से निम्नलिखित ई-मेल पते पर संपर्क कर सकते हैं: dgs.support@gov.in

7. सहायता दल आवेदकों को उनकी तकनीकी कठिनाइयों के निवारण एवं समाधान में यथाशीघ्र सहायता प्रदान करेगा।

8. सभी हितधारकों से अनुरोध है कि वे अद्यतन दिशानिर्देशों एवं दस्तावेजी आवश्यकताओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें, क्योंकि अनुपालन न करने अथवा अपूर्ण प्रस्तुतीकरण की स्थिति में आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है या पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु लौटाया जा सकता है।

9. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(एम. आर. राउत)

सहायक महानिदेशक (एमटीओ)

नौवहन महानिदेशालय

सेवा में:

1. समस्त संबंधित हितधारक।